



# बहादुरपुर क्षेत्र के एक दर्जन गांवो में बौछारों के साथ गिरे ओले

## नरखेड़ा-ओण्डेर में सबसे ज्यादा नुकसान, धनिया की फसल नष्ट, नुकसान जानने खेतों पर पहुंचे किसान

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले में मंगलवार देर शाम को क्षेत्र में मौसम बिगड़ गया और 70 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चली आंधी के बाद बारिश का दौर शुरु हो गया। करीब आधे घंटे तक चले बारिश के दौर में कई गांव ओलावृष्टि का शिकार भी हो गए। जिले की बहादुरपुर तहसील के करीब एक दर्जन गांवों में ओलों ने रबी सीजन की खड़ी फसलों पर कहर ढाया। सबसे ज्यादा प्रभावित नरखेड़ा एवं ओण्डेर गांव हुए हैं। बहादुरपुर तहसीलदार कैलाश मालवीय ने बुधवार सुबह ही नरखेड़ा गांव पहुंचकर ओलावृष्टि से प्रभावित हुई फसलों का फौरी निरीक्षण किया।

दरअसल, मौसम विभाग के पूर्वानुमान को सही साबित करते हुए मंगलवार देर शाम करीब आधे घंटे तक क्षेत्र में तेज बारिश हुई। इस बारिश से एक ओर जहां फसलों में सिंचाई के लिए पानी का इंतजाम करने में जुटे किसानों के चेहरे पर खुषी की लहर दौड़ गई तो दूसरी ओर जिन गांवों में ओले गिरे, वहां के किसान रात भर नुकसान की आषंका से भयभीत रहे। सुबह जब ओलावृष्टि वाले इलाकों में किसान खेतों में पहुंचे तो बड़ी मात्रा में फसल चैपट हो चुकी थी।



**शुरुआती तौर पर एक दर्जन गांवों के नाम सामने आए :**

राजस्व विभाग से जुड़े कर्मचारियों का कहना है कि एक-दो दिन में वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सकेगी। शुरुआती तौर पर करीब एक दर्जन गांवों के नाम सामने आए हैं, जो ओलावृष्टि से प्रभावित हुए हैं। इन गांवों में से नरखेड़ा एवं ओण्डेर में नुकसान बड़े पैमाने पर हुआ है जबकि मलउखेड़ी, गीलारोपा, सिरसौरा, भ्याना, नानौटी, मिर्जापुर, महोली और टांड़ा आदि गांवों में भी ओले गिरने की खबरे में हैं।



**नरखेड़ा में सुबह तक जमी थी ओले की चादरः**

बहादुरपुर क्षेत्र का नरखेड़ा गांव ओलावृष्टि से सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। यहां के किसानों ने बताया कि रात में जब ओलों की बारिश हुई तो कच्चे घरों में खपरैल भी टूट गए। ओलों की बारिश से लोग डरे हुए थे। सुबह जब किसान खेतों पर पहुंचे तो धनिया, चना, सरसों एवं मसूर की फसलों को बेहद नुकसान हुआ था। कई खेतों में ओलों की चादर बिछी हुई थी। किसानों ने मौके पर पहुंचे अधिकारियों को बर्फ के टुकड़े भी हाथ में लेकर दिखाए।

**ओण्डेर में धनिया की फसल को बेहद नुकसान :**

क्षेत्र के ओण्डेर गांव में इस बार धनिया की फसल बड़े पैमाने पर बोई गई है। इस फसल में ओलों ने बेहद नुकसान पहुंचाया है। हल्का पटवारी रामकुमार यादव ने बताया कि उन्होंने बुधवार को 8-10 खेतों में जाकर देखा तो वहां धनिया की फसल को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। धनिया की फसल के तने टूटकर खेतों में गिर गए थे। पटवारी का कहना था कि एक-दो दिन में पूरा सर्वे हो जाएगा। ओण्डेर के ही किसान सोनू ठाकुर ने बताया कि इस बार फसलें अच्छी थीं, ऐसे में ओलावृष्टि ने सबकुछ बर्बाद कर दिया।

**इनका कहना है**

*आज मैंने एवं हमारे पटवारियों ने कई गांवों में मौके पर जाकर फसलों की स्थिति देखी है। कल कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ भी पटवारी जाएंगे। हमने सभी पटवारियों ने अपने-अपने गांवों में नुकसान का आंकलन करने के लिए निर्देश दिए हैं। कल तक और अधिक जानकारी आ जाएगी।*

**कैलाष मालवीय, तहसीलदार, बहादुरपुर**



# नईसराय में शासकीय भूमि से हटाया गया अतिक्रमण

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** एंटी भू-माफिया अभियान के कम में कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन एवं अनुविभागीय राजस्व अधिकारी के मार्गदर्शन में एवं तहसीलदार तहसील नईसरांय के आदेश क/री-1/2026/73 नईसरांय बुधवार के अनुपालन में राजस्व विभाग द्वारा पुलिस बल के सहयोग से ग्राम रसीदपुर में शासकीय भूमि सर्वे कमांक 158/2 रकवा 0.052हे0, सर्वे क्रमांक 159/3 रकवा 0.020हे. पर अतिकामक आशिक खां पुत्र भूरे खां, बली मोहम्मद पुत्र भूरे खां , कबूलचंद पुत्र बलुआ , रमेश पुत्र अर्जना , भरोसा पुत्र नथुआ द्वारा चबूतरा एवं गुमठी रखकर किये गये अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया एवं मौका स्थल पर लगभग 15 फिट चौड़ा रास्ता अतिक्रमण मुक्त कराया गया। उसकी बाजारू कीमत लगभग 5 लाख रूपये है।

## एक नजर में

### नगर के समाजसेवी आशीष पालीवाल को किया गया सम्मानित



**मुंगावली।** नगर के समाजसेवी आशीष पालीवाल को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा सम्मानित किया गया। उनके द्वारा नगर में कई समाज हित में कार्य किए जाते है उन्हीं को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया गया है। वही नगर के सिविल अस्पताल में एनआरसी वार्ड पोषण पुनर्वास केंद्र हेतु एलईडी प्रदान की गई थी, जिससे कुपोषित बच्चों के इलाज में किसी भी प्रकार कोई समस्या न आए। उल्लेखनीय रहे है कि सकल ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष आशीष पालीवाल द्वारा नगर में कई ऐसे सामाजिक कार्य करते रहते है ओर नगर में कई जीर्णशीर्ण मंदिरों का नवीन कार्य कराया गया है साथ ही कई लोगों की आर्थिक मदद करते रहते है।



### गणतंत्र दिवस पर छात्रावास अधीक्षक को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**मुंगावली।** नगर के शासकीय बालक उत्कृष्ट छात्रावास में बड़े उत्साह ओर धूमधाम के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महा पुरुषों के छाया चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके बाद ध्वजा रोहण किया गया, कार्यक्रम में अतिथियों और अधीक्षक द्वारा गणतंत्र दिवस के महत्व को समझाया गया। तो वही बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस दौरान शासकीय बालक उत्कृष्ट छात्रावास के अधीक्षक रामकुमार रघुवंशी को कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने के चलते सम्मानित किया गया है।

### चंदेरी में पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा प्रारंभ

**अशोकनगर।** चंदेरी पर्यटन नगरी से पीएम श्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा प्रारंभ किए जाने के लिए पर्यटन सचिव डॉ इलैयाराजा .टी के द्वारा कलेक्टर अशोकनगर को चंदेरी हेलीपैड पर सुरक्षा व्यवस्था, एम्बुलेंस तथा फायर ब्रिगेड आदि की सुविधा उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। सचिव पर्यटन के पत्र में यह उल्लेख किया गया है कि, जेट सर्व एवियशन प्राइवेट लिमिटेड हेलीकॉप्टर सेवा का संचालन प्रारंभ करेगी और भोपाल चंदेरी ओरछा के बीच हेलीकॉप्टर सेवा रहेगी। सुरक्षा व्यवस्था एंबुलेंस एवं फायर ब्रिगेड पर आने वाले खर्च के लिए सर्विस प्रदाता एजेंसी जेट एवियशन इसका भुगतान करेगी और मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड इसके लिए कार्रवाई करेगा।


# करीला मेला में रखा जाए स्वच्छता का विशेष ध्यान : खत्री

## मेला की तैयारियों को लेकर आयुक्त ग्वालियर संभाग और आईजी ने ली बैठक, मां जानकी की पूजा-अर्चना

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मां जानकी माता मंदिर करीला धाम पर आगामी रंगपंचमी के अवसर पर 7 मार्च से 9 मार्च तक तीन दिवसीय वार्षिक मेले का आयोजन किया जाएगा। वार्षिक मेले की तैयारियों के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभागीय अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए नियुक्त किया गया है, वह अधिकारी अपने दायित्वों पर खरा उतरकर सभी तैयारियां पूर्ण रखें। यहा निर्देश आयुक्त ग्वालियर संभाग मनोज खत्री ने बुधवार को करीला धाम पर आयोजित करीला मेला की तैयारियों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए।

बैठक में निर्देशित किया कि करीला मेला हेतु पिछले करीला मेला के पूर्व अनुभवों के साथ इस बार करीला मेला में बेहतर व्यवस्थाएं हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि करीला मेला में देश, प्रदेशों के विभिन्न अंचलों से आने वाले श्रद्धालुओं को आस्था के केंद्र पर सुगम एवं बेहतर वातावरण के साथ सभी आवश्यक सुविधा मिले। जिससे श्रद्धालुओं को श्रद्धा के साथ मां जानकी के दर्शन कर सकें। साथ ही करीला मेला क्षेत्र में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए और मेला परिसर में पर्याप्त विद्युत की व्यवस्था रहे। उन्होंने निर्देशित किया कि वीआईपी के लिए मंदिर में दर्शन व्यवस्था के लिए कड़े इंतजाम किए जाएं। संपूर्ण मेला परिसर की निगरानी के लिए पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाया जाए। मेला परिसर की कंट्रोल रूम के माध्यम से सतत निगरानी रखी जाए। करीला मेला में श्रद्धालुओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो ऐसे तो सभी आवश्यक व्यवस्थाएं रखी जाए। पीएचई विभाग द्वारा टंकियो की साफ- सफाई एवं ब्लीचिंग पाउडर डाला जाए इसके अलावा मेला आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग हेतु टेंडर लिए जाएं। पार्किंग में सीसीटीवी कैमरे विद्युत व्यवस्था रहे यह सुनिश्चित किया जाए। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेला परिसर सहित विभिन्न मार्गों पर एंबुलेंस सहित चिकित्सा स्टॉफ रहे सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने आबकारी विभाग को निर्देशित किया कि करीला मेला को दृष्टिगत रखते हुए अवैध शराब के विरुद्ध अभी से कार्यवाही की जाए।






**सुरक्षा का रखा जाए विशेष ध्यान :**

आईजी अरविंद सक्सेना ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सरहदी जिलों सहित करीला मेला में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने निर्देशित किया कि करीला मेला में सुरक्षा व्यवस्था हेतु सतत निगरानी रखी जाए। करीला मेला के दौरान यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखते हुए निरंतर चेकिंग की जाए। साथ ही वैकल्पिक मार्गो की मरम्मत कर यातायात सुंगम बनाया जाए। वहीं जिला परिवहन विभाग द्वारा वाहन की सतत चैकिंग कर फिटनिस की जांच की जाएं तथा ओवर लोडिंग न हो इस पर विशेष ध्यान दिया जाएं। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिये आने जाने का किराया निर्धारित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कौंचा एवं मोला डेम में होमगार्ड तैराकों एवं वोट की व्यवस्था तथा वैरिकेटिंग लगवाये जाने के निर्देश दिये।

**विधि विधान से पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की :**

बैठक से पूर्व आयुक्त ग्वालियर संभाग मनोज खत्री एवं आईजी अरविंद सक्सेना ने करीला धाम पर मां जानकी माता की विधि विधान से पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। वहीं बैठक में कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा करीला मेला हेतु अधिकारियों को सौंपें गये दायित्वों के संबंध में की जा रही कार्यवाही के पालन प्रतिवेदन के बारे में जानकारी दी।

**निर्माणाधीन कार्यो का किया निरीक्षण :**

इस दौरान मंदिर परिसर में निर्माणाधीन सीढ़ी निर्माण मंदिर परिसर का सौदर्यीकरण के निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा,जिला वनमण्डाधिकारी प्रतिभा अहिरवार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डीएन सिंह, संयुक्त कलेक्टर बृजविहारीलाल श्रीवास्तव, एसडीएम मुंगावली इसरार खान, सीईओ जनपद पंचायत मुंगावली आलोक प्रताप सिंह इटोरिया, करीला ट्रस्ट अध्यंक्ष महेन्द्र यादव सहित विदिशा जिले के पुलिस एवं राजस्व,जनपद के अधिकारी एवं जिले के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सहायता राशि स्वीकृत

नवभारत न्यूज


**अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार एवं सीएमएचओ डॉ अलका त्रिवेदी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 685000 राशि स्वीकृत की गई।**

आरबीएसके मेडिकल ऑफिसर डॉ. सौरभ शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सीएमएचओ द्वारा चार बच्चों की सर्जरी के लिए 6,85,000 राशि स्वीकृत हुई। कार्तिक यादव निवासी उम्र 5 साल पिपरई को 95000 , नवीन दांगी शाडोरा उम्र 6 माह को 29000, राज शर्मा निवासी अशोकनगर उम्र 3 साल को 15000 एवं वैष्णवी बघेल उम्र 1 साल जलालपुर को 150000 राशि स्वीकृत की गई एवं उपचार/सर्जरी के लिए मुंबई के सुप्रसिद्ध अस्पताल नारायण हेल्थ सेंटर भेजे गए।

# विपरीत मौसम भी नहीं डिगा सका रक्तदाता का हौसला, किया रक्तदान

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** विगत दिनों जिला अस्पताल में भर्ती ककरुआ निवासी मरीज सतेंद्र साहू का हीमोग्लोबिन केवल 3.8 शेष रह गया था, जिसके चलते डॉक्टर ने मरीज के लिए तुरंत ब्लड की व्यवस्था करने को बोला चूंकि ब्लड ग्रुप रेयर था जो ब्लड बैंक में मिल नहीं रहा था। मरीज के साथ गांव के लोग साथ थे, जिन्होंने अपने अपने ब्लड ग्रुप चेक कराए किसी का भी मेच नहीं हो रहा था। तो वहीं मरीज के परिजन इंदौर मजदूरी करते हैं वह देर शाम अशोकनगर पहुंचे ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर भी ब्लड की पोस्ट डालीं पर कहीं से ब्लड उपलब्ध नहीं हो सका अंत में क्षेत्रीय विधायक हरीबाबू राय एवं रेडक्रॉस के चेयरमैन डॉ. जयमंडल यादव के पास मामला पहुंचा तो इन दोनों ने ही ब्लड हेल्प ग्रुप से संपर्क किया। जिसके बाद खराब मौसम में भी ग्रुप के सदस्य शाश्वत रघुवंशी पानी में भीगते हुए रात्रि में ही मरीज के लिए बी निगेटिव रक्तदान करने ब्लड बैंक पहुंचे। वहीं दुर्लभ रक्त मिलने के बाद परिजन एवं ग्रामीणों ने रक्तदाता सहित ग्रुप को धन्यवाद दिया है। उल्लेखनीय है कि अशोकनगर ब्लड हेल्प ग्रुप के सदस्य हमेशा लोगों के सहयोग के लिए तत्पर्य रहते है,जैसे ही उन्हें जानकारी लगती है वह तुरंत रक्तदान के लिए पहुंच जाते है।



## धर्म-कर्म

### युगल सरकार मंदिर प्रांगढ में चल रहीं श्रीमद् भागवत कथा

# जो बुरे समय में जीवनभर साथ निभाएं वह धर्मपत्नि : यशवंत

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** भगवान श्री कृष्ण ने इस धरा धाम पर आकर बड़े-बड़े कंस जो अपने पिता को राज गद्दी से धकेल कर स्वयं राजगद्दी पर बैठ गया और अपने बहन बहनोइ को जेल में डाल दिया, तो आज भी कंस जैसे दुष्ट जीवित है, जो उनके पिता की कड़ी मेहनत की सारी कमाई को छीन कर अपनी पार्टी के यार दोस्तों को मदपान खिला पिला रहे हैं। बे भी कंस है उनके कर्म का फल आज नहीं तो कल मिलेगा जरूर यह बात युगल सरकार प्रांगण में चल रहीं श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास पंडित यशवंत मिश्रा ने कहीं।

वहीं उन्होंने कहा कि इस धरती पर कुछ राजा पौंड्रक जैसे भी हैं, जो नकली राजा द्वारकाधीश बनकर अपनी पार्टी को खिला पिलाकर द्वारकाधीश बन रहे हैं। उनको भगवान श्री कृष्ण ने चक्र सुदर्शन से धर से काट दिया फल मिलता जरूर है, आज नहीं तो कल इसीलिए कथाएं सुनाई जाती हैं ताकि उन्हें यह ध्यान रहे कि हम इसी श्रेणी में तो नहीं आ रहे हैं तो उन्होंने बताया कि राजा भीष्म की कन्या रुक्मणी के साथ चंदेरी के राजा शिशुपाल के साथ वरण किया जा रहा था, तब रुक्मणी जी ने भगवान श्री कृष्ण को एक पत्र लिखकर भेजा था उसमें लिखा था की जो वर मद्यपान करता हो, पर नारी पर नजर डालता हो, जुआ खेलते हो, ऐसे वर के साथ मैं मेरा वरण नहीं हो सकता हे द्वारकाधीश आप मंदिर में आकर मुझे वरण करें और इस अधर्मी से मुझे बचा लीजिए। तब भगवान ने उनकी पुकार सुनी और उनसे अपना विवाह कर लिया।



वहीं उन्होंने कहा कि कन्या का विवाह उसी के साथ करें जो धर्म से जुडा हो, जो मर्यादा युक्त हो, जो जीवन भर उसका साथ दे उसी के साथ विवाह करे। वहीं उन्होंनें धर्मपत्नी को लेकर कहा कि जो स्त्री अपने पति को सदमार्ग पर चलाए, बुरे वक्त भी साथ दे और जीवनभर साथ निभाएं वह धर्मपत्नि कहलाती है, इसी को गृहस्ती माना जाता है।

वहीं कथा के दौरान कथा के व्यास के गुरु जी पुजारी किशन लाल मिश्रा सहित साधु संतों के स्वागत माल्यार्पण एवं शॉल श्रीफल कर किया गया।



# 15 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** मुंगावली पुलिस ने एक 15 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को दस घंटे में गिरफ्तार करते हुए उसे सलाखों के पीछे भेज दिया है।



दरअसल एक 15 वर्षीय नाबालिग ने अपने परिजनों के साथ थाना मुंगावली थाने पहुंची और अपने साथ हुए दुष्कर्म की जानकारी देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। तो वहीं फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना मुंगावली में अपराध क्रमांक 32/26 अंतर्गत धारा 64(1), 65(1), 351(3) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं धारा 3 पोक्सो अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया। वहीं प्रकरण की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी मुंगावली को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। तथा थाना प्रभारी मुंगावली उप निरीक्षक अरविंद सिंह कछुवाह एवं चौकी प्रभारी मल्हारगढ सहायक उप निरीक्षक पहलवान सिंह चौहान को तत्काल विशेष टीम गठित करने के निर्देश दिए गए। जिसके बाद पुलिस की टीम गठित की गई और आरोपियों की तलाश प्रारंभ की गई। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य, मुखबिर तंत्र माध्यमों से सघन प्रयास से मात्र 10 घंटे के भीतर आरोपी प्रेम सिंह पुत्र बब्लू अहिरवार निवासी ग्राम सावलहेडा को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मुंगावली उनि अरविन्द सिंह कछुवाह, उप निरीक्षक बीके राम, सहायक उप निरीक्षक पहलवान सिंह चौहान चौकी प्रभारी मल्हारगड़, प्रधान आरक्षक पुष्पेन्द्र मिश्रा, आरक्षक जयकुमार लोधी, दुर्गेश जाटव की सराहनीय भूमिका रही।